UPRB010004212010

**न्यायालय VI Addl. District and Session Judge, Rae Bareli**

**पीठासीन अधिकारी–** (PRABHAT KUMAR YADAV), **(उच्चतर न्यायिक सेवा)** – UP01634

**सत्र परीक्षण संख्या 700564 / 2010**
**राज्य प्रति राम प्रकाश व अन्य**

मुकदमा अपराध संख्या–151 / 2006
धारा 308,323,504,506 भा.दं.सं.
थाना–मोहनगंज, जिला–अमेठी

**12.09.2024**

पत्रावली पेश हुई। अभियुक्त राम प्रकाश अनुपस्थित। अन्य अभियुक्तगण पुत्ती लाल उर्फ शैलेश व अवधेश उर्फ मलखान की आज की हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत, जो केवल आज के लिये स्वीकृत।

अभियुक्त राम प्रकाश की अनुपस्थिति के कारण न्यायालय द्वारा जारी मृत्यु सूचना प्रपत्र पर थाना मोहनगंज के हेड कां. सन्त सिंह द्वारा राम प्रकाश की मृत्यु आख्या दिनांकित 09.11.2023 प्रस्तुत की गयी, साथ में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत तिलोई द्वारा जारी राम प्रकाश का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया।

सी.डब्ल्यू.1 के रूप में हेड कान्स्टेबिल सन्त सिंह को परीक्षित कराया गया, जिन्होंने अपने मौखिक साक्ष्य से अभियुक्त राम प्रकाश के विरूद्ध जारी मृत्यु सूचना प्रपत्र दिनांकित 26.10.2023 पर राम प्रकाश की मृत्यु आख्या प्रदर्श–ख 1, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत–तिलोई, विकास खण्ड–तिलोई, जिला–अमेठी की प्रधान अमिता द्वारा जारी अभियुक्त राम प्रकाश का मृत्यु प्रमाण पत्र को साबित किया है तथा कथन किया है कि अभियुक्त राम प्रकाश की मृत्यु चार माह पूर्व हो चुकी है।

इस प्रकार पत्रावली पर उपलब्ध उपरोक्त मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य के अधीन यह सिद्ध हो चुका है कि प्रस्तुत प्रकरण के अभियुक्त राम प्रकाश की मृत्यु चार माह पूर्व हो चुकी है। **अतः अभियुक्त राम प्रकाश के विरूद्ध यह मामला अवेट किया जाता है।**

पत्रावली वास्ते साक्ष्य दिनांक 01.10.2024 को पेश हो।

(प्रभात कुमार यादव)
षष्टम, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
रायबरेली।
12.09.2024

ज्ञानेन्द्र कुमार वर्मा,
आशुलिपिक

Digitally signed by Prabhat Kumar Yadav
Date: 2024.09.12 17:11:49 IST
Reason: Order
Location: District and Sessions Court Rae bareli